अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक / भण्डार / दीक्षान्त समारोह / 2024 / 155 रीवा, दिनांक : 28-11-2024

सीमित निविदा

विश्वविद्यालय के लिये स्वर्णपदक निर्माण हेतु इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से रुपये 5,000/- (रुपये पाँच हजार) मात्र अमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट जो कुलसचिव, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के नाम से देय हो की मूल प्रति संलग्न कर दरें दिनांक 06-12-2024 को सायं 5.00 बजे तक मुहरबंद लिफाफा (चपड़े से सील) प्रशासन विभाग में आमंत्रित की जाती है। विश्वविद्यालय को प्रेषित किये जाने वाले निविदा लिफाफे के ऊपर **"स्वर्ण पदक निर्माण हेतु दरें"** अनिवार्यतः अंकित करें। सीमित निविदा का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.apsurewa.ac.in पर भी देखा जा सकता है।

स्वर्ण पदक 16 ग्राम शुद्ध चाँदी पर एक ग्राम स्वर्ण पालिस कर 1.5 इंच व्यास पर निर्मित करना होगा। स्वर्ण पदक पर विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया विवरण दोनों ओर अंकित करना होगा। किसी दर को मान्य या अमान्य करने का अधिकार कुलसचिव को होगा तथा विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय कुलगुरु का मान्य होगा। दरों के साथ फर्म का जी.एस.टी. नम्बर एवं पैन नम्बर तथा अमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त के अभाव में प्रेषित दरों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. मेसर्स, ...को इस आशय के साथ सूचना प्रेषित है कि दर सम्बन्धी सीलबन्द लिफाफा निर्धारित समयावधि में विश्वविद्यालय के प्रशासन विभाग को अनिवार्यतः उपलब्ध हो जाये।
2. विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट आफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन, अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय, रीवा की ओर भेजकर अनुरोध है कि उपर्युक्तानुसार निविदा का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट में प्रदर्शन हेतु उपलब्ध करायें।
3. प्रशासन विभाग को इस आशय के साथ सूचना प्रेषित है कि निविदायें निर्धारित समयावधि तक ही प्राप्त करने का कष्ट करें।
4. परीक्षा नियंत्रक, अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय, रीवा।
5. वित्त नियंत्रक।
6. सहायक संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा।
7. कुलगुरु जी के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक।

सहायक कुलसचिव (भण्डार)